Hindustan-New Delhi-22-03-2011

स्टीफंस कॉलेज दे सकेगा अपनी डिग्री

दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज को जल्द मिलेगी स्वायत्तता

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली



प्रेसीडेंसी, सेंट जेवियर और सेंट स्टीफन जैसे प्रतिष्ठित कालेजों से पढ़ने वाले छात्रों को अब विश्वविद्यालयों की नहीं बल्कि इन्हीं कालेजों की डिग्री मिलने का रास्ता खुल जाएगा। मानव संसाधन विकास मंत्रालय इस बारे में एन आर माधव मेनन समिति की सिफारिशों पर अमल के लिए तैयार है। इससे भविष्य में आईआईएम भी अपनी डिग्री दे सकेंगे। अभी वे छात्रों को डिप्लोमा ही बांटते हैं। मंत्रालय आने वाले दिनों में इस बारे में आधिकारिक सूचना जारी करने की तैयारी में है।

मेनन समिति का गठन केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों के कामकाज में सुधार और उन्हें स्वायत्तता प्रदान करने के लिए किया गया था। समिति ने कुछ समय पूर्व ही अपनी रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल को सौंपी थी। रिपोर्ट पर 24-25 मार्च से होने वाली कुलपति कांफ्रेंस में भी चर्चा होने की संभावना है। समिति ने सिफारिश की है कि प्रतिष्ठित कालेजों को अपनी डिग्री देने की अनुमति मिलनी चाहिए। उन्हें विश्वविद्यालयों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं। मसलन, दिल्ली का सेंट स्टीफन कालेज दिल्ली विवि से संबद्ध है। मंत्रालय इन सिफारिशों को मानने के लिए तैयार है और संभावना है कि अगले साल से सेंट स्टीफन दिल्ली विवि की नहीं बल्कि अपनी डिग्री देगा। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि माधव मेनन समिति की सिफारिशों पर अमल के लिए एक आंतरिक विशेषज्ञ समिति भी गठित कर दी गई है। समिति की अन्य सिफारिशों में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सेमिस्टर सिस्टम का प्रभावी क्रियान्वयन, क्रेडिट ट्रांसफर सिस्टम लागू करना, शिक्षकों को पूर्ण स्वायत्तता आदि शामिल है।